	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	माघ 15, बुधवार, *शाके* 1947- फरवरी 04, 2026 Magha 15, Wednesday, Saka 1947- February 04, 2026	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

उद्योग एवं वाणिज्य (ग्रुप-1) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जनवरी 15, 2026

संख्या प.4(86)उद्योग/1/2010पार्ट-3 :-भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का केन्द्रिय अधिनियम संख्यांक 30) की धारा 4 की उपधारा (1) सपठित राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016 के नियम 5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान सरकार द्वारा निम्नानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन किये जाने हेतु अधिसूचना एतद्द्वारा जारी की जाती है:-

1. **परियोजना विकसित करने वाले का नाम:-** राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियलडवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
2. **प्रस्तावित परियोजना का उद्देश्य:-** औद्योगिक विकास
3. **भूमि का विवरण:-**

क्र.सं.	जिला	तहसील	ग्राम	अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल	स्वामित्व
1.	जोधपुर	लूणी	श्री जम्भेश्वर नगर, खाराबेरा पुरोहितान	27.0085 हैक्टेयर (166-17 बीघा)	संलग्न सूची अनुसार

4. **सामाजिक समाघात अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य:-**

i. प्रस्तावित अधिग्रहण के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानानुसार उचित कार्यवाही सुनिश्चित करना।

ii. प्रस्तावित अधिग्रहण के सम्पूर्ण क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर प्रभावित होने वाले परिवारों तथा ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से वार्ता करना, उनके विचार लेखबद्ध करना तथा पूर्ण प्रचार-प्रसार के पश्चात् जनसुनवाई करना। जनसुनवाई के दौरान व्यक्त सभी विचार-विमर्श को लेखबद्ध करना।

iii. प्रस्तावित अधिग्रहण क्षेत्र में प्रभावित होने वाले परिवारों के जीविकोपार्जन पर होने वाले प्रभाव एवं उचित मुआवजे का आंकलन करना।

iv. प्रभावित होने वाले परिवारों पर सम्भावित आर्थिक एवं सामाजिक प्रभाव का आंकलन करना तथा उनके पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन करने हेतु प्रबन्धन योजना प्रस्तुत करना।

v. प्रस्तावित अधिग्रहण लोक प्रयोजनार्थ है, यह सुनिश्चित करना।

vi. प्रस्तावित अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले परिवारों की संख्या का सही आंकलन करना तथा उनके जीविकोपार्जन के वर्तमान साधनों का ज्ञात करना।

vii. प्रस्तावित अधिग्रहण क्षेत्र में अवस्थित समस्त सार्वजनिक जनसम्पत्तियों यथा सडक मार्ग, सार्वजनिक व निजी मकान, विद्यालय, कार्यालय, स्वास्थ्य इकाइयों, आंगनबाडी केन्द्र, पेयजल स्रोत, उद्यान, श्मशान, प्रार्थना के स्थान यथा मन्दिर, मस्जिद इत्यादि को ज्ञात करना तथा उनके विस्थापन के प्रभाव का आंकलन करना।

viii. इस बात का समुचित निर्धारण करना कि प्रस्तावित क्षेत्र से कम क्षेत्र का अधिग्रहण नहीं किया जा सकता तथा प्रस्तावित स्थान ही प्रस्तावित परियोजना के लिए सर्वथा उपयुक्त है। इसके अतिरिक्त कोई अन्य स्थान अधिग्रहण हेतु उपयुक्त नहीं है। साथ ही पूर्व में अधिग्रहित कोई अन्य भूमि आसपास अनुपयोगी स्थिति में उपलब्ध नहीं है।

ix. इस बात को सुनिश्चित करना कि परियोजना में सामाजिक समाघातों को हल करने हेतु होने वाले व्यय एवं परियोजना पर होने वाले व्यय, दोनों समग्र व्यय से परियोजना से अपेक्षित लाभ अधिक है।

x. ग्राम सभा, भू-स्वामियों की सहमति की आवश्यकता है अथवा नहीं? - नहीं

xi. सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन कार्य प्रारम्भ होने की दिनांक अधिसूचना जारी होने की दिनांक से होगी।

xii. उक्त सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन कार्य अधिसूचना जारी होने के 90 दिवस की अवधि के भीतर पूर्ण किया जावेगा।

xiii. सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 सपठित राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2016 के प्रावधानों की अक्षरश: पालना की जावेगी।

5. सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन प्रतिवेदन (Social Impact Assessment Study Report) एवं सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना (Social Impact Management Plan) तैयार कर हिन्दी भाषा में संबंधित ग्राम पंचायतों, जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी तथा तहसील कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी। साथ ही अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि के निकट सुविधाजनक स्थानों पर इस अधिसूचना को जनसाधारण की जानकारी हेतु चस्पानगी करानी होगी। संबंधित जिला कलक्टर कार्यालय की सरकारी वेबसाइट, विभागों एवं एजेन्सियों की वेबसाइट पर अपलोड की जानी होगी तथा दो स्थानीय दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों (राज्य स्तरीय) में प्रकाशित किया जाना होगा।

6. सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु गुजरात एनवायरमेंट मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट (GEMI) का विवरण:-

गुजरात एनवायरमेंट मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट (GEMI)
"GEMIभवन" प्लॉट नं. बी-246 एवं 247,
इलेक्ट्रॉनिक एस्टेट, जीआईडीसी सेक्टर-25,
गांधीनगर-382024

सम्पर्क विवरण:-

श्री परेश चावडा, डिप्टी एनवायरमेंटल इंजीनियर एवं यूनिट हेड - 9909419199

श्री पुष्कर पटेल, असिस्टेंट एनवायरमेंटल इंजीनियर - 9409223664

अपेक्षक निकाय की ओर से अधिकृत अधिकारी का विवरण:-

श्री विनीत गुप्ता, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक,

इकाई प्रभारी, बोरानाडा, रीको, जोधपुर

संलग्न:- सूची।

राज्यपाल की आज्ञा से,

महिपाल कुमार,

शासन उप सचिव।

औद्योगिक क्षेत्र कांकाणी के मध्य अवाप्ति से रह गई राजस्व ग्राम खाराबेरा पुरोहितान एवं श्री जम्भेश्वर नगरकी कुल रकबा 166-17 बीघा (27.0085हैक्टेयर) निजी भूमि का खसरावार विवरण

ग्राम श्री जम्भेश्वर नगर, तहसील लूणी, जिला जोधपुर							
क्र. सं.	खाता संख्या	खसरा संख्या	क्षेत्रफल			भूमि किस्म	खातेदारों का नाम
			बीघा	बिस्वा	हैक्टेयर		
1	35	960/4	8	5	1.3355	बा.-2	घेवरराम पुत्र नेनाराम जाति विश्नोई सा. देह
2	198	960/5	12	0	1.9425	बा.-2	अणछीदेवी पत्नी जावताराम हिस्सा 1/60, ओमाराम पुत्र मंगलाराम हिस्सा 1/10, खमुराम पुत्र मंगलाराम हिस्सा 1/10, चीमाराम पुत्र मंगलाराम हिस्सा 1/10, जैताराम पुत्र मंगलाराम हिस्सा 1/10, सुखाराम पुत्र मंगलाराम हिस्सा 1/10, हापुराम पुत्र मंगलाराम हिस्सा 1/10, हिराराम पुत्र मंगलाराम हिस्सा 1/10, देवी पुत्री जावताराम हिस्सा 1/60, सतकी पुत्री जावताराम हिस्सा 1/60, पुष्पा पुत्री जावताराम हिस्सा 1/60, रूकमादेवी पत्नी मंगलाराम हिस्सा 1/10, सिवरी पुत्री मंगलाराम हिस्सा 1/10, , भागीरथ पुत्र जावताराम हिस्सा 1/60, महेन्द्र पुत्र जावताराम हिस्सा 1/60, जाति विश्नोई सा. देह
3	237	1074/952	2	15	0.4451	बा.-2	मेहुल मित्तल पुत्र विष्णु कुमार

							मित्तल जाति अग्रवाल सा. जी-82 शास्त्री नगर, जोधपुर
4	237	1075/952	2	15	0.4451	बा.-2	मेहुल मित्तल पुत्र विष्णु कुमार मित्तल जाति अग्रवाल सा. जी-82 शास्त्री नगर, जोधपुर
5	236	1076/952	2	14	0.4371	बा.-2	शोभा मित्तल पत्नी विष्णु कुमार मित्तल जाति अग्रवाल सा. जी-82 शास्त्री नगर, जोधपुर
6	236	1077/952	2	14	0.4371	बा.-2	शोभा मित्तल पत्नी विष्णु कुमार मित्तल जाति अग्रवाल सा. जी-82 शास्त्री नगर, जोधपुर
7	125	960/3	8	2	1.3112	बा.-2.	भानाराम पुत्र खीयाराम जाति विश्नोई सा. देह राहिन (खसरा संख्या 960/3 बिना रहन) बैंक आफ बड़ौदा मोगड़ाकलां
8	98	960/2	9	5	1.4973	बा.-2	पोकरराम पुत्र जोधाराम हिस्सा 1/6, मगाराम पुत्र जोधाराम हिस्सा 1/6, जवरीलाल पुत्र जोधाराम हिस्सा 1/6, भागचन्द पुत्र जोधाराम हिस्सा 1/6, धापुदेवी पुत्री दौलाराम हिस्सा 1/24, सुमित्रा पुत्री दौलाराम हिस्सा 1/24, रूकमा पत्नी दौलाराम हिस्सा 1/24, रविना पुत्र पप्पूराम नाबालिग संरक्षक माता भंवरी हिस्सा 1/18, सुनिल पुत्र पप्पूराम नाबालिग संरक्षक माता भंवरी हिस्सा 1/18, ममता पुत्री दौलाराम नाबालिग संरक्षक माता रूकमा हिस्सा 1/24, भंवरी पत्नी पप्पूराम हिस्सा 1/18 जाति विश्नोई सा. देह
9	230	950/3	11	12	1.8777	सेवज दोयम	SHUBHAM FISCAL SERVICES PRIVATE LIMITED,जरिये डायरेक्टर शुभेन्द्र कुमार बाफना पुत्र ज्ञानेन्द्र बाफना जाति ओसवाल सा. सी-55 शास्त्री नगर, जोधपुर
योग			**60**	**2**	**9.7286**		
ग्राम खाराबेरा पुरोहितान, तहसील लूणी, जिला जोधपुर							

क्र. सं.	खाता संख्या	खसरा संख्या	क्षेत्रफल			भूमि किस्म	खातेदारों का नाम
			बीघा	बिस्वा	हैक्टेयर		
10	52	357/1	3	12	0.5827	बा.-अ.	कानसिंह पुत्र आसूसिंह जाति पुरोहित सा. देह
11	534	369	5	7	0.8660	बा.-अलीफ.	गजेसिंह पुत्र पुखसिंह जाति राजपुरोहित सा.देह
12	212	377/1	2	13	0.4290	बा.-अलीफ.	नेनुदेवी पत्नि राजूसिंह जाति राजपुरोहित सा. देह
13	165	378/1	3	13	0.5908	बा.-अलीफ.	तख्तसिंह पुत्र शिवलालसिंह जाति पुरोहित सा. देह
14	119	380/1	7	-	1.1331	बा.-II	घीसूसिंह पुत्र जोरसिंह जाति पुरोहित सा. देह
15	543	381/1	3	10	0.5666	बा.-II	MORTMAIN CREATORS PRIVATE LIMITED,सा. 21/614चोपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर
16	543	387/1	5	-	0.8094	बा.-अलीफ.	MORTMAIN CREATORS PRIVATE LIMITED, सा. 21/614चोपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर
17	543	388/1	1	17	0.2995	बा.-अलीफ.	MORTMAIN CREATORS PRIVATE LIMITED, सा. 21/614चोपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर
18	537	388/2	4	-	0.6475	बा.-अलीफ.	मैसर्स TRADEPOINT INDIA PVT LMT ए 335शास्त्री नगर, जोधपुर
19	85	394/1	15	1	2.4362	बा.-II	शेषाराम पुत्र चूनाराम हिस्सा 1/2, तुलछाराम पुत्र चूनाराम हिस्सा 1/2, जाति मेघवाल सा. देह
20	431	408/1	9	6	1.5054	बा.-अलीफ.	लूणाराम पुत्र मिश्राराम हिस्सा 1/2 सुवटी पत्नि मिश्राराम हिस्सा 1/2 जाति मेघवाल सा. देह
21	410	408	9	5	1.4973	बा.-अलीफ.	रानीदेवी पत्नी ढलाराम हिस्सा 1/5, शंकुतला पुत्री ढलाराम हिस्सा 1/5, सन्तोष पुत्री ढलाराम हिस्सा 1/5, दीनाराम पुत्र ढलाराम हिस्सा 1/5 सोहनीदेवी पत्नी किशनाराम

							हिस्स 1/20 भागीरथ पुत्र किशनाराम हिस्सा 1/20, राकेश पुत्र किशनाराम हिस्सा 1/20 मन्जू पुत्री किशनाराम हिस्सा 1/20 सा. देह
22	535	408/3	9	5	1.4973	बा.- अलीफ.	गोपाल मेघवाल पुत्र बाबुलाल जाति मेघवाल निवासी 5-6/11 हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया जोधपुर
23	543	414/3	2	10	0.4047	बा.-।	MORTMAIN CREATORS PRIVATE LIMITED,सा. 21/614चोपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर
24	54	414/2	2	10	0.4047	बा.-।।	बीदामी पत्नि अर्जुनराम सा. सिनावड़ियो की ढाणी ग्राम ढंढ झालामण्ड चौराहे के पास हिस्सा 1/5, संगीता जैन पत्नि नरेन्द्र जैन हिस्सा 4/5 सा. 177 लक्ष्मीनगर पावटा सी रोड़ जोधपुर
25	543	414/4	5	8	0.8741	बा.-।।	MORTMAIN CREATORS PRIVATE LIMITED, सा. 21/614चोपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर
26	543	416/1	2	4	0.3561	बा.-।।	MORTMAIN CREATORS PRIVATE LIMITED, सा. 21/614चोपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर
27	544	416/4	2	4	0.3561	बा.-।।	MORTMAIN CREATORS PRIVATE LIMITED, सा. 21/614चोपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर
28	212	420/1	10	-	1.6187	बा.- अलीफ.	नेनुदेवी पत्नी राजू सिंह जाति राजपुरोहित सा. देह
29	545	414	2	10	0.4047	बा.-।।	सय्यद मंजूर अली पुत्र सय्यद निसार अली जाति मुसलमान सा. हाउस नं. 74 डी एल आई जी एच कमला नेहरू नगर चौपासनी रोड जोधपुर
योग			**106**	**15**	**17.2799**		
कुल योग			**166**	**17**	**27.0085**		